वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली



A wealth of knowledge on genealogy

।। वार्षिक पुस्तक 2025।।

harshgoel2k@gmail.com

harshgoel2k@gmail.com

वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली

।। वार्षिक पुस्तक 2025 ।।



हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

(लेखक एवं संकलनकर्ता)

agrvanshawali@gmail.com

रविवार 30 पौष 2082
मौनी देवपितृकार्य अमावस्या
18 जनवरी 2026

पूजनीय

माताजी

एवं

पिताजी

को

समर्पित

harshgoel2k@gmail.com

।। मंगलाचार ।।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमदच्यते।

पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः

Om Purnamadah Purnamidam Purnat Purnamudachyate।
Purnasya Purnamadaya Purnamevavashisyate॥
Om Shanti Shamti Shanti॥

Om! Creator God is an embodiment of infinity (Limitless and complete). complete emerges from the complete, and embracing the boundlessness of the infinite the creator persists as the infinite and complete.
Om! Peace, Peace, Peace.

ॐ सृष्टिकर्ता भगवान अनंतता, असीम और पूर्ण है पूर्ण, पूर्ण से उत्पन्न होता है और सृष्टिकर्ता अनंत और पूर्ण के रूप में विद्यमान रहते हैं।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

harshgoel2k@gmail.com



वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

harshgoel2k@gmail.com



आदि लक्ष्मि नमस्तेऽस्तु परब्रह्म स्वरूपिणि।
यशो देहि धनं देहि सर्व कामांश्च देहि मे।।

harshgoel2k@gmail.com

।। कुलदेवी महालक्ष्मी का आशीर्वाद ।।

उवाच मधुरा वाणी, साधूनामभयकरी। वरं ब्रूहि महाराज, यस्ते मनसि वर्त्तते।।

ददामद्यैव सकलं, तव पूजा प्रतोषिता ।। महालक्ष्मी वृत कथा 90।।

महालक्ष्मी अपनी मधुर वाणी में बोली, मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूँ, हे यथेष्ठ, जो तुम्हारे ह्रदय में कामना हो वह वर मांगो, मै तुम्हे मनोइच्छित वर देती हूँ ।

तब कुलं न विमोक्ष्यामि, यावच्चन्द्र दिवा करौ।

वशं भवतु ते शक्रो, सदेवों बलवाहनः।। महालक्ष्मी वृत कथा 92।।

जब तक सूर्य चन्द्रमा विद्यमान हैं तेरे कुल पर कृपा दृष्टि रखूंगी, इन्द्र आदि देवता तुम्हारे सहायक होंगे अग्रकुल के जन बलवान और वाहनयुक्त होंगे।

आधार अभवत्येषा, कथा ममुतवान्विता।

भुवि येषां गृहे पूजा, लिखिता चापि पुस्तकी।। महालक्ष्मी वृत कथा 93।।

तदहं न विमोक्ष्यामि, यावती पृथिवीमिमा।

प्रसादं च स्वयं भुक्त् वा नान्यस्यै प्रति पादयेत।। महालक्ष्मी वृत कथा 94।।

इस जगत में जिस-जिस घर में मेरी पूजा होती है जब तक पृथ्वी रहेगी मैं उनका साथ नहीं छोड़ूंगी। जो मेरा प्रसाद ग्रहण कर औरो को दें , विद्वान को भोजन करावे, जिस घर में विधि विधान से पूजा होवें उस घर से दरिद्रता नष्ट हो जाएगी।

शत्रु रोग भयं नारित कुल कीत्ति प्रवर्धनं।

पुत्र पौत्र कुलैः सार्ध भुक्ष्व राज्यमकंटकम्।। महालक्ष्मी वृत कथा 96।।

शत्रु या रोग का भय नहीं रहेगा कुल और कीर्ति सदा बढ़ती रहेगी। अपने पुत्र-पौत्र और कुल के साथ बिना किसी बाधा के राज्य का भोग करोगे।

स देहेन च गोलोकमन्ते यास्यसि निश्चितम्।

ध्रुवस्थ पूर्वे द्वौ तारौ भविष्ये च प्रियासह।। महालक्ष्मी वृत कथा 97।।

निसंदेह तुम्हें स्वर्गलोक प्राप्त होगा, राजन तुझे मेरा यह सब आशीर्वाद है, तुम्हारा वंश ध्रुव की भांति सदा अटल रहेगा।

।। अस्वीकरण (DISCLAIMER) ।।

पुस्तक संग्रह वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली - वार्षिक पुस्तक 2024 और उसके साथ संलग्न पुस्तिकाओं के निरूपण, टंकण और प्रकाशन में और उसके अन्य स्वरूपों का प्रस्तुतीकरण अत्यधिक सजगता के साथ किया गया है यह पुस्तक संग्रह किसी भी मान्यता, वर्तमान नियम और नीति के उल्लंघन का मंतव्य नहीं रखती और न ही करती है न ही कोई अपना नवीन मत प्रस्तुत करती है या उसका अनुमोदन करती है इसका दृष्टिकोण तटस्थ है और लेखक द्वारा प्रस्तुत सामग्री यथावत प्रस्तुत की गयी है कथचित लेखों में त्रुटियां, पूर्वाग्रह, प्रतिरूप में वर्तिनी और संग्रह में भिन्न मत रह सकते हैं। हम पाठकों को इन समस्याओं के समाधान पाने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अधिकांशतः लेख और वंशावली पूर्ण अथवा आंशिक रूप से सहयोगी व्यक्तियों द्वारा प्रदत हैं इन लेखों में वैज्ञानिक, शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक योग्यताओं का अभाव हो सकता है।

यह संकलन स्वयंसेवकों और योगदानकर्ताओं के सहयोग और रुचि पर आधारित है। यह किसी भी प्रकार की किसी भी न्याय व्यवस्था में दंडनीय नहीं है मात्र सन्दर्भ के लिए अन्य सन्दर्भों की पुष्टि के लिए प्रयोग की जा सकती है। यदि इस कृति से किसी भी प्रकार की क्षति अथवा व्यवधान पहुँचता है तो इस पुस्तक से सम्बंधित कोई भी व्यक्ति और संस्थान उत्तरदायी नहीं है।

किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए लेखक को सूचित करें कमी सुधार ली जाएगी।

harshgoel2k@gmail.com

।। अनुक्रमणिका।।

harshgoel2k@gmail.com

।। मंगलकामनाएँ ।।



हर्ष वर्धन गोयल
(लेखक/संपादक)

वसुधैव कुटुम्बकम् का वार्षिक अंक 2025 प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। जीवन की यात्रा में सांसारिक उपलब्धियों और पुरुषार्थ बहुत आवश्यक है किन्तु जब इतिहास के पृष्ठ पलटते हैं, तो स्पष्ट होता है कि समाज ने अपनी सबसे उज्ज्वल ऊँचाइयाँ तभी छुईं जब उसने अपने इतिहास से प्रेरणा ली है आर्थिक पुरुषार्थ आध्यात्मिक उत्थान वस्तुतः एक दूसरे के पूरक है इसी कड़ी में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन आदरणीय श्री गौतम अदाणी जी ने अदाणी ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 में इंडोलॉजी रिसर्च का विस्तार करने, दुर्लभ पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण करने, विद्वानों को सशक्त बनाने और दीर्घकालिक संस्थागत क्षमता को सबल करने के लिए सौ करोड़ भारतीय मुद्रा देने की एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कार्यक्रम के दौरान गौतम अदाणी ने एक बहुत महत्वपूर्ण कही कि हमें अपने ज्ञान को संरक्षित करने पर जोर देना चाहिए और उसे प्रतिबद्धता के साथ इसे संरक्षित करना चाहिए, माननीय गौतम अदाणी ने कहा कि हमारी सभ्यता अपनी विशालता प्राचीनता गूढता और अविरल चिंतन न केवल दर्शन अपितु आर्थिक क्षेत्र में भी विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है भारत अपने सांस्कृतिक सामर्थ्य को समझे और उसे उचित दिशा में प्रयास करे, तो यह देश न सिर्फ आर्थिक बल्कि वैश्विक सभ्यता की दिशा और दशा निर्धारित कर सकता है।

आज जब आधुनिकता की चकाचौंध हमें बाहरी आकर्षणों में उलझा रही है, तब आवश्यकता है कि हम हमें इतिहास को देखे अपनी त्रुटियों को पहचान कर सुधार करे उस शाश्वत शक्ति को पहचानें जो हमें संतुलन, शांति और करुणा प्रदान करती है। वास्तिविक प्रगति में आत्मा और समाज दोनों का उत्थान हो। तब आवश्यकता है कि हम हमें इतिहास को देखे अपनी त्रुटियों को पहचान कर सुधार करे उस शाश्वत शक्ति को पहचानें जो हमें संतुलन, शांति और करुणा प्रदान करती है। वास्तिविक प्रगति में आत्मा और समाज दोनों का उत्थान हो।

harshgoel2k@gmail.com

।। मंगलकामनाएँ ।।

इस अंक में हमने कुछ चयनित आलेखों को सम्मिलित किया है जिसमे प्रमुख है "तीन दिवस का आश्रय - छत्रपति शिवाजी और गनेड़ीवाला परिवार" है जिसमे छत्रपती शिवाजी महाराज का एक वृतांत दिया है। समय समय पर देश में भाषा विवाद गरमा जाता है 'विभाजन द्वारा शासन' के कुचक्र से भारत देश अभी पूर्ण रूप से मुक्त नहीं हुआ है जिस भी ठाकुर को यह लगता है की उनकी चौधराहट कम हो रही वह है वह 'डिवाइड एंड रूल' का प्रयोग अपने हितो के लिए करता है 'डिवाइड एंड रूल' नीति उपनिवेशी सत्ता को मजबूत करने और लंबे समय तक बनाए रखने का एक मुख्य तरीका थी इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय समाज को धार्मिक, जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय आधार पर विभाजित करना था ताकि देश के लोग एकजुट न हो और हमारी विशाल समृद्ध और विविध सांस्कृतिक देश को तोडा जा सके इस नीति ने समाज में गहरा विभाजन किया और जिनका प्रभाव आज भी कुछ प्रदेशों में देखने को मिलता है। अंग्रेजों से आने से पूर्व ऐसा नहीं था पूरा देश एक रंग में रंगा था बोली, भेष भूषा और संस्करों में स्थान-स्थान में थोड़ी भिन्नता थी किन्तु भाषा के नाम पर अलगाववाद[1] नहीं था इसका एक सुन्दर उदाहरण हिन्दवी साम्राज्य के महान शासक छत्रपति शिवाजी राजे थे, भारत के एक महान राजा एवं रणनीतिकार, जिन्होंने 16 सदी में आक्रांतों से ग्रसित भारत में पुनः सनातन साम्राज्य की नींव रखी, उन्होंने प्राचीन भारतीय राजनीतिक संस्करों, शिष्टाचारों को पुनर्जीवित किया, भारतीय स्वाधीनता संग्राम में नायक के रूप में स्मरण किए जाने वाले छत्रपती शिवाजी ने मुगल साम्राज्य के शासक औरंगज़ेब से डटकर संघर्ष किया। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों कि सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उन्होंने समर-विद्या में अनेक नवाचार किए तथा छापामार युध गोरिल्ला युद्धनीति की नई शैली शिवसूत्र विकसित की। उनकी न्यायव्यवस्था प्राचीन पद्धति पर आधारित थी। शुक्राचार्य, कौटिल्य और हिन्दू धर्मशास्त्रों को आधार मानकर निर्णय दिया जाता था।

।। मंगलकामनाएँ ।।

वंशावली संरक्षण - उद्देश्य और सुरक्षा जानकारी आलेख में अग्र वंश शोध परिषद् के उद्देश्य पर एक विचारणीय लेख प्रस्तुत किया है हमें वर्तमान मापदंडों के अंतर्गत कैसे अपने इतिहास को संजोना है राजा टोडरमल का महल आलेख में प्रयागराज सहित राज टोडरमॉल के महल का वर्णन है पद और सत्ता स्थायी नहीं यदि पीढ़ी का उचित मार्ग दर्शन नहीं किया जाता और आधारभूत संसकर नहीं दिए जाए तो पद और सत्ता समय के साथ नष्ट हो जाते है

पुराणों में वर्णित, प्राचीन कामेश्वर धाम शिव मन्दिर, अग्रोदक गणराज्य की राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत अग्रोहा से उत्तरपूर्व में मात्र आठ किलोमीटर की परिधि में स्थित है अग्रवंश के राजा हरवंशिया के राजमहल के अग्निभस्म अवशेष इस स्थान के बिल्कुल ठीक सामने बिखरे है प्राचीनकाल से ही यह शिवालय देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। अग्रोदक गणराज्य के राजधानी में स्थित इस प्राचीन शिवालय का 800 साल पुराना इतिहास पुरातत्व विभाग में मिलता है। कामेश्वर मन्दिर (किरमारा) - अग्रोहा का इतिहास आलेख इस दिशा में एक प्रयास है इस मदिर का पुनः अध्ययन महाराजा अग्रसेन और अग्रोहा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण प्राचीन कड़ी में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

किसी भी समाज की एकजुटता का आधार उसकी एकबद्धता है और अग्रवालों के वंशों को सहेजती यह पुस्तक इस दिशा में एक अनूठा प्रयास है। भविष्य में यह पुस्तक हमें अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति से जोड़े रखेगी इस शुभ भावना के साथ सभी के साथ आइए प्रयास करें और अपनी समृद्ध संस्कृति से जुड़ें और अपनी प्राचीन संस्कारों को, जड़ों को पुन: बल प्रदान करें!

सभी के लिए मंगलकामनाएँ!!

हर्ष वर्धन गोयल

अध्यक्ष

अग्र वंशावली शोध परिषद्

हमें अपने वंश वृक्ष को संरक्षित करने की आवश्यकता क्यों है

आइए हम यह समझने की कोशिश करें कि हमारे वंश वृक्ष की खोज करना, जानकारी प्राप्त करना, इकट्ठा करना और संरक्षण करना हमें कैसे प्रभावित करता है।

हमारी जड़ें - हमारी पहचान

यह जानने के बाद कि हम कहाँ से हैं, हमारी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि क्या है और हम कहाँ से आए हैं, हमें इस बात की समझ विकसित करने में सहयक होती है कि हम वास्तव में कौन हैं। जिस तरह से हम अपनी पारिवारिक कहानियों से संबंधित होते हैं और अपने बारे में अपने स्वयं से जुड़ते हैं, वह हमारी अनूठी, प्रामाणिक मूल पहचान स्थापित करने में सहायता करता है। और इससे हमें असीम मानसिक शांति प्राप्त होती है।

संबंध

पारिवारिक अतीत, वर्तमान और भविष्य के साथ संबंध बनाना, एक मानवीय आवश्यकता है। इससे हमारा खालीपन दूर होता है। प्रत्येक मनुष्य लगाव, अपनेपन और संबंध की इच्छा रखता है और वंशावली, उसे अपने समुदाय से जोड़ने में सहायक होती है ।

करुणा का भाव

पूर्वजों के इतिहास को सीखने से हमें एक मानसिक बल प्राप्त होता है जो आने वाली चुनौतियों की अधिक समझ करने में सहायक होता है और हमें, अधिक प्रेम और करुणा को और प्रेरित करता है। यह करुणा हमारे परिवारों के भीतर और उनके बाहर लोगों के साथ हमारे संबंधों को सुधरने में सहायक होती है , जितना अधिक हम अपने अतीत के बारे में जानते हैं, उतना ही अधिक हम अपने लोगो के के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं।

।। राजा टोडरमल का महल ।।

- हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

प्रयागराज में दारागंज स्थित, मुगल शासक मोहम्मद अकबर के नवरत्नों में सम्मिलित, आर्थिक मामलों के गहरे जानकार माने जाने वाले राजा टोडरमल का मोती महल अब जीर्ण अवस्था में है महल का एक भाग अंग्रेजों के हमलों में ढह गया था और कुछ पर अब किराएदारों का कब्जा है. इस ऐतिहासिक धरोहर का अस्तित्व बचाए रखने के लिए टोडरमल के वंशज आर्थिक तंगी के चलते की मरम्मत कराने में असमर्थ हैं भूमि बंदोबस्त और मालगुजारी व्यवस्था लागू करने वाले टोडरमल की 16वीं पीढ़ी के वंशज अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि हमारी दादी ने महल के कुछ कमरे किराए पर उठाए थे. किले के कमरों में अभी कुल 12 किराएदार हैं. इनमें कुछ किराएदार 70 साल पुराने हैं, जो 50-100 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से नाममात्र का किराया देते हैं. हम देश में अंग्रेजों के जमाने के किराएदारी कानून से बंधे हैं

किले के ही एक भाग में रहने वाले अग्रवाल परिवार ने बताया कि गंगा नदी के तट पर दारागंज में सन 1585 में टोडरमल ने महल की नींव डाली और पांच बरस में यह बनकर तैयार हुआ। 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में बने किले में आज भी नक्काशीदार पायों वाला आलीशान दरबार हाल, दीवान-ए-खास, दीवान-ए-आम और अस्तबल शेष है लेकिन समय की मार ने इसकी रंगत बिगाड़ दी है. दूसरे तल पर बना दीवानखाना और राजा टोडरमल का कक्ष इस महल की शानो शौकत की भूली बिसरी स्मृतियों का साक्षी है

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि किसी समय इस महल में टोडरमल का सचिवालय चलता था पहले खंड पर शस्त्रागार और मंत्री, सिपहसालार रहते थे. 12 जून 1857 को ब्रिटिश हुकूमत के अंतिम गवर्नर जनरल कर्नल नील ने इस किले पर हमला किया था. तब तोप के गोले दागकर पूरी गारद करने की कोशिश की गई छह में से पांच फाटक तोड़ डाले गए थे तब से इस किले में दोबारा फाटक नहीं लगे ब्रिटिश सेना ने महल में काफी लूटपाट भी की थी

अग्रवाल ने कहा कि हमारे पूर्वज टोडरमल की यह अंतिम निशानी है, जिससे हमारी स्मृतियां जुड़ी हैं. इसलिए हम इसे सरकार या किसी अन्य को नहीं देना चाहते. अग्रवाल एक समय सिविल लाइंस के एक होटल में महाप्रबंधक के तौर पर काम करते थे, लेकिन बीमारी के चलते उनकी नौकरी जाती रही और अब वह वैद्यकी से अपना जीवनयापन करते हैं. उनके दो पुत्रों में से एक पुत्र किले के बाहरी हिस्से में परचून की दुकान चलाता है, जबकि दूसरा बेटा बेरोजगार है अग्रवाल ने बताया कि आर्थिक तंगी की वजह से वह किले की टूटी दीवारों की मरम्मत कराने की स्थिति में नहीं हैं पूर्व में कई होटल व्यवसायियों ने किले का पुनरुद्धार कराने की पेशकश की, लेकिन वो अंततः इसकी मिल्कियत हासिल करना चाहते थे, इसलिए हमने मना कर दिया.

टोडरमल के राजा टोडरमल बनने की कहानी बताते हुए उन्होंने बताया कि अपने समय के प्रशिद्ध बैंकर रहे टोडरमल, मुगल शासन में पहले हिंदू मंत्री बने जिन्हें शेरशाह सूरी ने अपना राजस्व मंत्री बनाया था. पेशावर से कलकत्ता तक 2500 किलोमीटर सड़क तैयार कराने में टोडरमल की मुख्य भूमिका रही. इससे खुश होकर शेरशाह सूरी ने टोडरमल को झूंसी स्थित प्रतिष्ठानपुरी का राजा बना दिया. प्रतिष्ठानपुरी का वह किला किसी समय भूकंप से उलट गया और अब यह उल्टा किला के नाम से मशहूर है. उन्होंने बताया किइस सड़क का नाम जीटी रोड रख दिया. बाद में इसका नाम शेरशाह सूरी मार्ग रख दिया गया इस मार्ग का वास्तविक नाम टोडरमल मार्ग होना चाहिए

टोडरमल का जन्म उत्तर प्रदेश में सीतापुर के करीब लहार में हुआ था। इनके पिता इन्हें बचपन में ही छोड़कर स्वर्ग सिधारे थे और इनकी विधवा माता ने किसी प्रकार से इनका पालन-पोषण किया था। कुछ बड़े होने पर माता की आज्ञा से यह दिल्ली आए और सौभाग्य से वहाँ पर उनकी नौकरी लग गई। वह समझदार लेखक और वीर सम्मतिदाता थे। धीरे-धीरे तरक्की कर रैंकों आगे बढ़ा। तब शेरशाह सूरी ने, पंजाब, के रोहतास के एक नए किले के निर्माण के लिए टोडरमल को भेजा, जिससे उन्हें घक्कड़ छापेमारी को रोकने और उत्तर-पश्चिम में मुगलों के लिए बाधा का कार्य करना था।

मुगलों द्वारा सूर वंश को उखाड़ फेंके जाने के बाद, अकबर के अधीन, उन्हें आगरा का प्रभारी नियुक्त किया गया। बाद में, उन्हें गुजरात का राज्यपाल बनाया गया।

कई बार, उन्होंने बंगाल में अकबर की टकसाल का प्रबंधन भी किया और पंजाब में भी सेवा की। टोडर मल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान, जिसे आज भी सराहा जाता है, वह यह है कि उन्होंने अकबर के मुगल साम्राज्य की राजस्व प्रणाली की नई व्यवस्थ कर दी।

राजा टोडरमल ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के लहरपुर में अपने लिये एक किले-महल का निर्माण किया था। टोडर मल ने भी भागवत पुराण का फारसी में अनुवाद किया था।

वर्ष सन् 1572 ई. में गुजरात की चढ़ाई पर यह अकबर के साथ में गए थे और बादशाह ने टोडरमल को सूरत का दुर्ग देखकर यह निश्चय करने भेजा था कि यह दुर्ग टूट सकता है या अभेद्य है। गुजरात प्रान्त में बादशाह के आने से विद्रोहियों के उपद्रव से साफ़ हो गया था। राजा कोष की विभाग की जाँच करने के लिए टोडरमल को छोड़ गए थे कि न्यायपरता के साथ जो कुछ निश्चित करें, उसी प्रकार की वेतन–सूची काम में लाई जाए। वर्ष (सन 1574 ई.) में टोडरमल पटना विजय के अनन्तर झण्डा और डंका मिलने से सम्मानित होकर मुनइम ख़ाँ ख़ानख़ानाँ की सहायता के लिए बंगाल में नियुक्त हुए। यद्यपि सेनापतित्व और आज्ञा ख़ानख़ानाँ के हाथ में थी, पर सैन्य संचालन, सैनिकों को उत्साह दिलाने, साहस पूर्ण धावे करने और विद्रोहियों तथा शत्रुओं को दण्ड देने में राजा टोडरमल ने बड़ी वीरता दिखलाई। गुजरात प्रान्त का प्रबन्ध ठीक नहीं था और वज़ीर ख़ाँ की ढिलाई से वहाँ पर गड़बड़ी और अशान्ति थी। इसलिए राजा टोडरमल को उस प्रान्त का प्रबन्ध करने के लिए नियुक्त किया गया। यह बुद्धिमानी, कार्यदक्षता, वीरता और साहस के साथ सुल्तानपुर और नदरबार से बड़ौदा और चम्पानेर तक का प्रबन्ध ठीक करके अहमदाबाद आए और वज़ीर ख़ाँ के साथ न्याय करने में तत्पर हुए। एकाएक मेहर अली के बहकावे से मिर्ज़ा मुजफ़्फ़र हुसैन का बलवा मच गया। वज़ीर ख़ाँ ने चाहा कि दुर्ग में जा बैठे; पर राजा टोडरमल ने साहस करके उसे युद्ध करने पर उत्साहित किया और 22वें वर्ष में ध्वादर के पास युद्ध की तैयारी की। वज़ीर ख़ाँ ने सैनिकों को भागने से लड़ मरना चाहा और पास ही था कि वह काम आ जाता, पर राजा टोडरमल अपने विपक्षी को भगा कर सहायता को पहुँचा और एक बार ही घमण्डियों के युद्ध का ताना–बाना टूट गया। मिर्ज़ा जूनागढ़ की ओर भागा।

राजा टोडरमल ने कोष और राज्य के कार्यों को नए ढंग से चलाया और कुछ नए नियम भी बनवाए जो बादशाही आज्ञा से काम में लाए जाने लगे। उनका विवरण अकबरनामे में दिया है अल्लामी फहामी अबुल फ़ज़ल इनके बारे में लिखते हैं - "यह सच्चाई, सत्यता, कार्यदक्षता, कार्यों में निर्लोभता, वीरता, कादरों को उत्साह दिलाने, कार्य कुशलता, काम लेने और हिन्दुस्थान के सरदारों में अद्वितीय था। पर द्वेषी और बदला लेने वाला था। उसके हृदय के खेत में थोड़ी कठोरता उत्पन्न हो गई थी। दूरदर्शी बुद्धिमान ऐसे स्वभाव को बुरे स्वभावों में गिनते हैं। मुख्यतः राजकीय कार्यों में जहाँ संसारी लोगों का काम उसे सौंपा गया हो।

सम्राट के वक़ील नियत हुए थे। यदि उसकी बुद्धितानी के मुख पर धार्मिक कट्टरपन का रंग न होता तो ऐसा अयोग्य स्वभाव न रखता। राजा टोडरमल अकबर के राजस्व और वित्तमंत्री थे। इन्होंने भूमि-पैमाइश के लिए विश्व की प्रथम मापन-प्रणाली तैयार की थी। जनपद हरदोई में उत्तर प्रदेश राज्य के राजस्व अधिकारियों के लिये बबनाये गये एकमात्र राजस्व प्रशिक्षण संस्थान का नाम इनके नाम पर राजा टोडरमल भूलेख प्रशिक्षण संस्थान रखा गया है जहां आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, पीपीएस के अलावा राजस्व कर्मियों को भूलेख संबंधी प्रशिक्षण दिया जाता है।

'तारीख़े–ख़ानेजहाँ लोदी' में लिखा है कि शेरशाह ने टोडरमल को दुर्ग रोहतास बनवाने पर नियुक्त किया था; पर गक्खर जाति एका करके किसी के भी काम में बाधा डालती रही। टोडरमल ने जब यह वृत्तान्त शेरशाह से कहा, इस पर उन्होंने एक–एक पत्थर होने की एक–एक अशरफ़ी मज़दूरी लगा दी जिस पर इतनी भीड़ हुई कि आप से आप मज़दूरी अपने भाव पर आ लगी। जब दुर्ग तैयार हो गया तब शेरशाह ने उनकी बहुत प्रशंसा की थी।

अकबर के राज्य के 9वें वर्ष सन् 1564 ई. में टोडरमल ने मुजफ़्फ़र ख़ाँ की अधीनता में कार्य आरम्भ किया था तथा इसके दूसरे वर्ष अलीकुली ख़ाँ ख़ानेजमाँ के विद्रोह करने पर यह मीर मुईजुलमुल्क के सहायतार्थ लश्कर ख़ाँ मीरबख्श के साथ लेकर गए थे। युद्ध में बादशाही सेना परास्त हुई और ख़ानेजमाँ का भाई बहादुर ख़ाँ विजयी हुआ। बदायूनी भाग 2, पृ0 144 में लिखता है कि इनकी राय में वह अजेय नहीं था और उसके जीतने के लिए बादशाह के वहाँ जाने की भी आवश्यकता नहीं थी।

अठारहवें वर्ष के आरम्भ में टोडरमल पंजाब भेजे गए कि वहाँ के प्रबन्ध में अपने अनुभव से सूबेदार हुसैन कुली ख़ाँ ख़ानेजहाँ की सहायता पहुँचावें।

राजा टोडरमल के कई लड़के थे और सबसे बड़े का नाम धारू था। अकबर के समय में सात सौ सवार का मनसब मिला था। ठट्टा के युद्ध में ख़ानख़ानाँ के साथ बड़ी वीरता दिखलाकर मारा गया। कहते हैं कि घोड़ों की नाल सोने और चाँदी की बँधवाता था। एक अन्य पुत्र, कल्याण दास को टोडर मल ने हिमालय के कुमाऊँ के राजा को वश में करने के लिए भेजा था। 8 नवंबर 1589 को लाहौर में टोडर मल की मृत्यु समारोह में लाहौर के प्रभारी उनके सहयोगी राजा भगवान दास उपस्थित थे। अपने दो बेटों में से धारी सिंध में एक युद्ध में मारा गया था।

किले के ही एक हिस्से में रहने वाले सुधांशु अग्रवाल, टोडरमल के 17 वी के वंशज चाहते हैं, कि इसका जीर्णोद्धार और संरक्षण हो। संगम तट पर अकबर के किले के निर्माण के दौरान राजा टोडरमल ने वर्ष 1585 में मोती महल की नींव डाली थी। 1590 में निर्माण पूरा हुआ। किले के छह में से पांच फाटक टूट चुके हैं।



किले के नीचे के तीन खंड बंद हैं। हमारे पास संसाधन नहीं हैं, जो नीचे के तलों को खुलवा सकें। नीचे के हिस्से में कई अनूठी निशानियां दबी पड़ी हैं। सहायता के लिए कई बार पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन से प्रार्थना की गई।

संगम नगरी में राजा टोडरमल के ऐतिहासिक मोती महल के प्राचीरों की ईंटें अब दरक रही हैं। राजमहल के अस्तबल में जहां कभी हाथी-घोड़े शान हुआ करते थे, अब वहां गायें बांधी जा रही हैं। राज दरबार से भाग जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। गंगा किनारे करीब 40 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में बने किले में नक्काशीदार पायों वाला आलीशान राज दरबार, दीवान-ए-खास, दीवान-ए-आम और घोड़े बांधने के लिए अस्तबल है तो, लेकिन खंडहर में हो रहा है । चारों तरफ कूड़े के ढेर और बिखरा कचरा किले की सूरत बिगाड़ रहा है। उत्तर-पश्चिम कोने पर द्वितीय तल में दीवानखाना और पश्चिमी कोने पर राजा टोडरमल का कक्ष बस्ट खस्ता हालत में अभी भी देखा जा सकता है। विडंबना देखिए हज़ारो लाखो रुपए भंडारों और रंगीन समारोह, कथा वचन पर खर्च करने वाले अग्रवाल परिवार क्या अपने अस्तित्व के स्मृति चिन्ह के संरक्षण में समर्थ है ?



harshgoel2k@gmail.com

।। श्री - शब्द की व्याख्या ।।

"श्री" एक अत्यंत प्राचीन समृद्ध और बहुआयामी शब्द है, जिसका प्रयोग भारतीय संस्कृति में आदर, सौंदर्य, वैभव, अध्यात्म, कीर्ति, यश, शोभा, सौंदर्य, वैभव, प्रभा, कांति और दिव्यता के प्रतीक के रूप में होता है। श्र संस्कृत धातु से बना श्री शब्द का मूल भाव है — प्रकाश, सौंदर्य, ऐश्वर्य, कीर्ति और मंगल। इसका प्रयोग के उदाहरण श्री लक्ष्मी नारायण (देव), श्रीमद्भागवत (ग्रंथ), श्रीमान / श्रीमती (संबोधन), श्रीनगर (स्थान), राग श्री (संगीत), श्री गणेशाय नमः (मंत्र) श्री यंत्र (यंत्र) श्री कांत (पुर्लिंग) श्री देवी (स्त्रीलिंग) श्रीखंडी (नपुंसक) आदि अनेकों है "श्री" मात्र शब्द नहीं, बल्कि इसमें हमारे संस्कार, श्रद्धा और सौंदर्य समाहित है यह विष्णु प्रिया लक्ष्मी जी का भी एक नाम है जो धन, ऐश्वर्य और समृद्धि की देवी है वेदों में श्री का उल्लेख धर्म, अर्थ और काम अर्थात त्रिवर्ग के प्रतिनिधित्व के रूप में होता है। "श्री" को शुभता और मंगल का प्रतीक माना गया है और स्त्रियों की बिंदी, माथे की लाल रेखा, ऊर्ध्व पुंड्र आदि को भी "श्री" कहा जाता है। श्री शब्द तंत्र मंत्र यंत्र सभी में प्रयोग में आता है। मेरे अनुसार अंगरेजी का "सर" "sir" सम्बोधन भी श्री सम्बोधन से बना है उसका पुराना उच्चारण एक सम्मानजनक उपाधि 'sire' जो श्री शब्द का ही अपभ्रंश है पूर्वी एशिया के देशो में जैसे भाषा मलेशिया में 'दातुक सेरी (श्री)' एक संघीय उपाधि है जो मलेशिया के राजा द्वारा दी जाती है। जापान में आज भी एक शिष्टाचार के रूप में उपनाम के बाद हमेशा सम्मानसूचक प्रत्यय "सान" लगते है जिसका अर्थ है "प्रिय" "सम्माननीय" होता है।

देवं गुरुं गुरुस्थानं क्षेत्रं क्षेत्राधिदेवताम्। सिद्धं सिद्धाधिकारांश्च श्रीपूर्वं समुदीरयेत्॥

स्वर्गगामित्वादिना सिद्धोऽधिकारो येषां नराणामित्यनेन जीवतां श्रीशब्दादित्वं नाम्ः।

न तु मृतानां तथेति शिष्टाचारः।।

देवता, गुरु, गुरु का स्थान, क्षेत्र, क्षेत्र के अधिदेवता और सिद्धों और सिद्धता को प्राप्त /अधिकारी के नाम से पूर्व श्री शब्द का उच्चारण किया जाना चाहिए। वह मनुष्य (जीवित), जो (पुण्य कर्मो द्वारा) स्वर्ग प्राप्ति के अधिकार है ऐसे मनुष्य के नाम के आगे श्री लगाया जाता है लेकिन मृतकों के नाम के आगे श्री लगाने का आचरण नही है।

।। कामेश्वर मन्दिर (किरमारा) - अग्रोहा का इतिहास ।।

- हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

पुराणों में वर्णित, प्राचीन कामेश्वर धाम शिव मन्दिर, अग्रोदक गणराज्य की राजधानी क्षेत्र के अन्तर्गत अग्रोहा से उत्तरपूर्व में मात्र आठ किलोमीटर की परिधि में स्थित है अग्रवंश के राजा हरवंशिया के राजमहल के अग्निभस्म अवशेष इस स्थान के बिल्कुल ठीक सामने बिखरे है प्राचीनकाल से ही यह शिवालय देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। अग्रोदक गणराज्य के राजधानी में स्थित इस प्राचीन शिवालय का 800 साल पुराना इतिहास पुरातत्व विभाग में मिलता है। जिसका पुनः अध्ययन महाराजा अग्रसेन और अग्रोहा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण प्राचीन कड़ी में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस शिव मन्दिर की स्थापना महाऋषि लोमश और उनके आठ पुत्रों द्वारा वाराससी से काशी विश्वनाथ जी से प्रेरित हो कर बनाया था। महाभारत काल में पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान यहां स्थापित शिव के पिंडी रूप की पूजा अर्चना कर भोलेनाथ शिव को प्रसन्न किया था।


जनश्रुतिओं के अनुसार भगवान शिव के महान उपासक अग्रोदक गणराज्य नरेश महाराजा अग्रसेन ने अग्रोदक गणराज्य बसाया और इसी मंदिर में भगवान शिवजी जी की पूजा-अर्चना की थी, इतिहास के अनुसार संवत् विक्रम 903 में अग्रोहा पर अग्रवंश राजा हरवंशिया का राज्य था और राजा इसी मंदिर के निकट स्थित महल में निवास करते थे। अग्रवंशी राजा हरवंशिया जैन धर्म अवलम्बी थे। इनकी पुत्री का नाम शीला था उस समय कामेश्वर धाम की गद्दी पर महात्मा सूरजनाथ जी विराजते थे जिन्होंने बारह वर्ष की समाधि लगा ली थी। उस दौरान जैन राजकुमारी शीला ने आदेश निकाला कि इस शिव मन्दिर को कोई भी नागरिक शिवालय को भिक्षा नहीं देगा जो भिक्षा देगा उस पर एक सहस्त्र मुद्रा का दण्ड देना होगा।

अन्न एवं दान न मिलने के कारण सूरजनाथ जी के शिष्यों को बहुत दुःख उठाना पड़ा, परन्तु वे गुरु सूरजनाथ को समाधि अवस्था में छोड़ कर किसी दूसरे स्थान पर नहीं जा सकते थे उस समय एक कुम्हारी ने किसी प्रकार इस शिष्यों को अन्न पूर्ति करती थी, जब महात्मा जी ने समाधि खोली तो शिष्यों ने भिक्षा न मिलने तथा दण्ड घोषणा की बाते बताई

harshgoel2k@gmail.com

, यह सुनकर सूरजनाथ जी को बड़ा दुःख हुआ और उन्होंने तुरंत कुम्हारी को नगर छोड़कर किसी दूसरे स्थान पर चले जाने का निर्देश दिया

जैसे ही कुम्हारी ने उनके निर्देश अनुसार नगर छोड़ा, सूरजनाथ के श्राप से महल पर अग्नि वर्षा हुई और महल नष्ट हो गया। गुरु भी शिष्यों और अन्य जन सहित अन्य स्थान पर दूर चले गए। अन्य इतिहासिक जानकारी अनुसार यह स्थान मोहम्मद गौरी के आक्रमण के समय आक्रांतों द्वारा जला दिया गया था जो अधिक इतिहासिक प्रतीत होता है चाहे यह स्थान श्राप द्वारा अग्नि वर्षा से या आक्रमणकारियों ने ही जलाया हो। महल का स्थान अभी भी जली अवस्था में में मन्दिर के सामने पड़ा है। यहां पर जली हूंई मुद्राएं प्राप्त होती हैं। अभी भी निकट के गांववासी इस टीले से मिट्टो खोद कर खाद के रूप में अपने खेतों में डालते हैं। कहते है कि जलाने और लुटने के बाद मोहम्मद गोरी ने यह क्षेत्र वापस जाते हुए, राजा भीमबल को दे दिया था जिसने आक्रमण में मोहम्मद गोरी को सहयता की थी। सन 1554 के लगभग फ़िरोजशाह तुगलक ने जब हिसार नगर बसाया तब अग्रोहा और उसके आस पास के सभी प्राचीन किलो, मंदिरों को तोड़ कर मलबा हिसार मंगवा लिया था। लगभग 200 वर्ष पश्चात विक्रम संवत 1837 में महाराजा पटियाला अमर सिंह, दिवान अग्रवाल नानुमल व ठंडी राम जी ने यहां आकर शिव की पूजा की और पुनः अग्रोहा का किला और कामेश्वर मन्दिर का निर्माण करवाया और शिव मंदिर, गुंबद की स्थापना करवाई ।



और सूरज नाथ की गद्दी के अधिकारी महात्मा को खोज करके इस मन्दिर की पूजा अर्चना का कार्यभार उनको सोंपा और गंगा जी से कावड़ लाकर गंगा जल चढ़ाया और तब से आज तक सावन वदी चौदस को इस मंदिर में बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमे दूर-दूर से सनातनी जन आते हैं और हरिद्वार से पैदल कावड़े लाकर भगवन शिव का जल अभिषेक करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जो भी इस स्थान पर अपनी मनोकामना लेकर आता है, भगवान शिव के आशीर्वाद से वह सहज ही पूरी हो जाती है।

गांव किरमारा स्थित कामेश्वर धाम शिवालय में फाल्गुन मास की महाशिव रात्रि का पर्व भी बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया जाता है जहां देश-प्रदेश से आए सहत्रों श्रद्धालुओं मंदिर में स्थित प्राचीन शिवलिग पर भगवान शिव के जयकारों के साथ पूजा अराधना कर जलाभिषेक करते है मेले में मंदिर परिसर में स्टॉल व दुकानें सजती हैं। मंदिर परिसर में गौशाला भी है जहां श्रद्धालु गायों की सेवा कर पुण्य के भागी बनते हैं।

अग्रोदक गणराज्य के राजधानी में स्थित इस प्राचीन शिवालय का 800 साल पुराना इतिहास पुरातत्व विभाग में मिलता है। जिसका पुनः अध्ययन महाराजा अग्रसेन और अग्रोहा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण प्राचीन कड़ी में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।



।। जैन साहित्य में महाराजा अग्रसेन का वर्णन ।।

- हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

[पिछले लेख में हमने बौद्ध साहित्य में चंपेय्य नामक जातकग्रन्थ में वर्णित महाराजा अग्रसेन को उल्लेख किया था इसी क्रम में, प्रस्तुत आलेख में हमने जैन साहित्य में वर्णित महाराजा अग्रसेन जी का विवरण संकलित किया है इस आलेख का मुख्य स्रोत्र श्रीमान बाबू कामता प्रसाद जैन द्वारा लिखित 'संक्षिप्त जैन इतिहास (द्वितीय खंड) है जो वर्ष 1938 में दो खण्डों में प्रकाशित हुई थी, इस पुस्तक में जैन इतिहास का सारांश (संक्षिप्त) वर्णित है श्रीमान बाबू कामता प्रसाद जैन एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्,लेखक और जैन धर्म के इतिहास के गहन अध्येता थे। उन्होंने जैन समाज की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया, विशेष रूप से उन्होने जैन इतिहास नामक ग्रंथों की श्रृंखला लिखी, जिसमें जैन धर्म के विभिन्न युगों, सिद्धांतों और महान संतों का वर्णन मिलता है।]

जैन साहित्य के अनुसार अयोध्या के राजा मानधाता की 52वी पीढ़ी में, श्री नेमिनाथजी के तीर्थकाल में, वीर निर्वाण 4981 वर्ष पूर्व अग्रसेन नामक राजा थे। जैन साहित्य के अनुसार यह समय अग्रवाल जाति की उत्पत्ति का समय बताया गया है अपने पिता द्वारा राजकुमार अग्रसेन को वीर नि0 पूर्व 4946 में राजगद्दी मिली थी उन्होंने 4921 वी0 नि0 पूर्व में मिश्र देश के जैन धर्मी राजा 'कुरुपविन्दु' (साईरस) पर आक्रमण किया था और राजा अग्रसेन इस युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए। राजा अग्रसेन ने वेदानुयायी 'पातञ्जलि नामक ऋषि से शिक्षा ग्रहण की (यह पातञ्जलि ऋषि 'पातञ्जलि योग सूत्र के रचेता पातञ्जलि ऋषि से भिन्न ऋषि है) इन्ही राजा अग्रसेन के 18 पुत्र हुये जिस समय इन 18 पुत्रों की संतान राजच्युत हो गई, तो वे राजा अग्रसेन के नाम पर 'अग्रवाल' नाम से प्रसिद्ध हुए। राजा अग्रसेन की संतानों में अनेकों पीढ़ियों तक वैदिक धर्म की मान्यता रही थी। किंतु कुछ प्रजाजनों ने, कुछ पीढ़ी उपरांत अग्रोहा के राजा दिवाकर देव ने अपने समर्थको के साथ जैनाचार्य श्रीलोहाचर्या जी के उपदेश से धर्म परिवर्तन कर लिया था।

वीर निर्वाण संवत का प्रारम्भ तीर्थंकर महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस 7 अक्टूबर 527 ई°पू° से हुआ, अक्टूबर 1974 में तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2500 वां निर्वाण महोत्सव मनाया गया।

इस वर्णन के अनुसार राजा अग्रसेन का जन्म 5508 ई°पू° अर्थात आज से लगभग 7532 वर्ष पूर्व हुआ, 35 वर्ष कीआयु में उन्हें राजपद मिला और 60 वर्ष की आयु में मिश्र (वर्तमान इजीप्ट) के जैन मतानुयाई कुरुषबिंदु से युद्ध में गति को प्राप्त हुए,

इतिहासिक दृष्टि से देखे तो यह वर्णन, काल आदि बहुत ही भ्रामक लगता है महाभारत युद्ध से 2500 वर्ष पूर्व का यह वर्णन जैन इतिहास पर अनेको प्रश्नचिन्ह लगता है राजा कुरुषबिंदु को इतिहास में राजा सायरस (Cyrus) से जाना जाता जिनका काल 560 से 530 ईसा पूर्व माना गया है ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता की वह जैन धर्म का अनुयायी था, महाराजा अग्रसेन जी का राजा कुरुषबिंदु से युद्ध का कोई विवरण नहीं मिलता, हो सकता हो की किसी अन्य राजा अग्रसेन से (नाम भ्रान्ति के कारण) उसके 18 पुत्रों बताकर और राजा दिवाकर से जोड़कर, इस राजा को अग्रवाल समाज के पूर्वज आदरणीय महाराज अग्रसेन से जोड़ दिया गया हो

हम इस विषय में जैन साहित्य में जितनी और गहराई में जाते है उतना ही यह सन्दर्भ अन्य जैन संदर्भो की तरह कल्पित प्रतीत होता है। जैन धर्म के पाँच सिद्धांत में सत्य अर्थात झूठ न बोलना एक प्रमुख सिद्धांत है किन्तु महाभारत से भी 2500 वर्ष पूर्व आदरणीय सम्मानीय महाराजा अग्रसेन के सन्दर्भ में जैन साहित्य में विश्वसनीय इतिहासिक जानकारी गंभीर शोध का विषय है।

का जिनाज्ञा पालक सुप्रसिद्ध राजा "कुरुषविन्दु" जो उन दिनों "भारतवेश" की सैर के लिये यहां आया हुआ था, महाराजा अग्रसैन का नाम सुन कर और यह जानकर कि इस राजा के पूर्वज जिनाज्ञा पालक थे पर यह राजा किसी कारण विशेष से उस आज्ञा से बाह्य हो गया है इन से मिलने और इनके धार्मिक विचारों को यथा शक्ति परिवर्तित करके जिनाज्ञा में लाने के विचार से इनके पास 'अग्रावती' की ओर को आ रहा था कि मार्ग ही में प्रयाग के एक 'आयुर्वंश' नामक राजा ने जो महाराजा अगूसेन की आज्ञान्तर्गत था पर अन्तरंग में इनसे कुछ द्वेष रखता था उसे रोक लिया और सेवा शुश्रूषा पूर्वक उस से दृढ़ मेल करके जिस प्रकार बना उसे 'अगूावती' नरेश से युद्ध करने के लिये तैयार कर दिया। युद्ध हुआ और अन्त में महाराजा 'अगूसेन' इसी युद्ध में ४६० वर्ष की वय में ४२० वर्ष 'अगूावती' का राज्य कर वीर निर्वाण से ४५२१ वर्ष पूर्व परलोक सिधारे। इनका प्रधान मन्त्री ब्राह्मण कुलोत्पन्न 'विजय राज भट्ट' भी जो परम विद्वान और बड़ा राजभक्त था इसी युद्ध में काम आया॥



harshgoel2k@gmail.com

।। अग्रकुल संस्थापक महाराजा श्री अग्रसेन जी - एक अवलोकन ।।

अग्रवाल समाज के आदि पुरुष महाराजा श्री अग्रसेन जी चक्रवर्ती राजाओं में से एक महान राजा हैं, जिन्होंने अपने क्षत्रियोचित पराक्रम से ना केवल एक विशाल गणराज्य की स्थापना की वरन अपने विजित विशाल साम्राज्य को "एक मुद्रा- एक ईट" जैसे अभूतपूर्व समाजवादी सिद्धांत द्वारा एक सूत्र में पिरोकर समाजवाद का एक आदर्श प्रस्तुत की।

एक ऐसा समाजवादी सिद्धांत जो न पहले कहीं सुना गया था न बाद में किसी राज्य में दिखाई पड़ा। सच्चे अर्थों में महाराजा श्री अग्रसेन जी समाजवाद के जनक थे।

महाराजा श्री अग्रसेन जी के जन्म, वंश एवं विवाह को लेकर इतिहासकारों में बहुत मतभेद हैं पर विभिन्न ऐतिहासिक अभिलेखों, उत्खनन से प्राप्त मुद्राओं , शिलालेखों, पौराणिक आख्यानों , जन समुदाय में प्रचलित किवदंतियों , भाट चरणों की विरुदावलियों आदि के आधार पर कुछ तथ्य स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आये है जिनके अनुसार महाराजा श्री अग्रसेन जी सरस्वती नदी के किनारे आबाद वैदिक कालीन "आग्रेय-गण" के राजा थे, जो सूर्यवंशी क्षत्रियों की एक शाखा थी।

यह काल सिंधु-सरस्वती सभ्यता का उद्गम काल था। नगरीय सभ्यता का प्रसार हो रहा था।धीरे धीरे राजतंत्रात्मक शासन पद्धति प्रचलन में आ रही थी किन्तु यह अभी शैशव अवस्था में थी । बड़े नगरों का विकास शुरू हो चुका था। गणों के बीच साम्राज्यवादी विस्तार की होड़ मची हुई थी। बड़े गण छोटे गणों को जीत कर राजतन्त्र में परिवर्तित हो रहे थे। पहले राजा का चुनाव होता था किंतु राजतन्त्र में राजपद वंशानुगत होने लगा।

महाराजा श्री अग्रसेन जी ने भी अपने के आसपास सत्रह अन्य गणों को संगठित कर एक सशक्त गणराज्य की नींव रखी जो आगे चलकर आग्रेय गणराज्य कहलाया। महाराजा श्री अग्रसेन जी ने भी राजतंत्रात्मक शासन पद्धति को अपनाया किन्तु राजतन्त्र में गणतंत्र का एक नया प्रयोग किया। इन्होंने अपने राज्य को 18 गणों में विभाजित कर सम्मिलित हुए गणों की आतंरिक संरचना में कोई परिवर्तन ना करते हुए उस गण के मुखिया को उस गण का अधिपति राजा बना दिया। इस प्रकार

harshgoel2k@gmail.com

आग्रेय गणराज्य 18 गणों का एक विशाल राज्य बन गया जिसके प्रत्येक गण का अधिपति उसी गण का मुखिया था और केंद्रीय शक्ति महाराजा श्री अग्रसेन जी के हाथों में थी। महाराजा श्री अग्रसेन जी ने अपने राज्य के बीचोंबीच एक अत्यंत रमणीय एवं वैभवशाली "अग्रोदक" नगर की स्थापना कर उसे अपने राज्य की राजधानी बनाया। इस अग्रोदक राज्य की कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी थीं। महाराजा श्री अग्रसेन जी ने राज्य के मध्य में एक भव्य श्रीपीठ की स्थापना करवाई थी। जिसमें वेद पारंगत ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रों से हरिप्रिया श्री लक्ष्मी जी की स्तुति होती थी। राज्य की खुशहाली के लिए इन्होंने 18 राजसूय यज्ञ किये जिनमे 17 तो पूर्ण हो गए किन्तु 18वें यज्ञ के समय इन्हें पूर्णाहुति के समय दिए जाने वाली पशु बलि से घृणा हो गयी। परिणाम स्वरूप वह यज्ञ अधूरा रह गया। इन्होंने अपने राज्य में तत्काल पशुवध पर रोक लगा दी और पशु पक्षियों पर होने वाली हिंसा को राज अपराध घोषित कर दिया इसके साथ ही यह घोषणा भी की कि सम्पूर्ण आग्रेय गण वासी एक कुटुंब की तरह रहेंगे और प्रत्येक व्यक्ति अपने पितृ पक्ष- मातृ पक्ष के गण को छोड़कर शेष अन्य गणों के मध्य ही वैवाहिक संबंध स्थापित करेगा ताकि रक्त वर्ण की शुद्धि बनी रहे। इन्होंने अपने राज्य में "एक मुद्रा- एक ईंट " की रीति चलायी जिसमे राजधानी अग्रोदक नगरी में आकर बसने वाले प्रत्येक गरीब परिवार को संपूर्ण अग्रोदक वाशी एक एक मुद्रा और एक एक ईंट देंगे ताकि वह अपना निवास बना कर अपना व्यवसाय करने लगे। सहकारिता की यह भावना पुरे विश्व में कहीं देखने सुनने को नही मिलती। यही कारण है कि अग्रोदक की गिनती उस उस वक्त के प्रमुख बड़े व्यापारिक नगरों में होती थी। इस प्रकार महाराजा श्री अग्रसेन जी समाजवाद के पुरोधा थे जिन्होंने जनमानस में सहकारिता की भावना विकसित की और देश को समाजवाद की राह दिखायी। पौराणिक उपाख्यानों के अनुसार इनका जन्म अश्वनी शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था और इनका विवाह नागवंशी राजा महिधर जी की कन्या राजकुमारी माधवी जी के साथ हुआ था। कई शताब्दी तक आग्रेय गण एक शक्तिशाली गणराज्य रहा जिस पर अग्रवालों का एकछत्र साम्राज्य रहा।

ईसापूर्व की छठी शताब्दी आते आते सभी जनपद व गणराज्य साम्राज्यवादी विस्तार में लग गये। बड़े जनपद अपनी सीमाओं का विस्तार कर महाजनपद बन गये।

harshgoel2k@gmail.com

अनेको बाहरी युद्ध के बाद हुई राजनैतिक उथल पुथल से महा जनपदों ने मांडलिक राज्यों का रूप ले लिया एवं अनेक अन्य छोटे छोटे नये राज्यों का भी उदय हुआ। ये राज्य आपस में लड़ते रहते थे। आग्रेय गण को भी लगातार आक्रमणों का सामना करना पड़ रहा था जिससे उसकी आतंरिक शक्ति दिन प्रति दिन कमजोर होती जा रही थी इस प्रकार आग्रेय गणराज्य का अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो गया। वहां से निष्क्रमण कर ये अग्रेयवंशी भारत के विभिन्न भागों में फैल गये और आजीविका के लिए तलवार त्याग कर तराजू पकड़ लिये। ये जहाँ भी जाते अपना परिचय अग्रेय वाले के रूप में देते। यही अग्रेयवाले शब्द भाषाभेद एवं स्थानभेद से "अग्रवाले" होता हुआ "अग्रवाल" पड़ गया। वहीं इनकी एक शाखा सामंत राजाओं के रूप में बड़े साम्राज्यों के अधीन छोटे छोटे भूभाग पर शासन करती रही और आगे चलकर " गुप्त साम्राज्य" जैसा बड़ा राज्य स्थापित किया। अठारह कुलों का यह समूह आज संपूर्ण विश्व में "अग्रवाल" नाम से जाना जाता है। ये अठारह कुल आज इनके गोत्र कहलाते है। राज्य छिन जाने पर उस काल में अग्रवाल पूरी तरह से व्यापार व व्यवसाय पर आश्रित हो गए और इनकी गणना क्षत्रिय वर्ण होते हुवे भी वणिक जातियों(वैश्य वर्ण या बनियों) के साथ होने लगी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी अग्रवाल समुदाय की प्रमुख भूमिका थी। गरमदल के प्रमुख लाल बाल पाल तिगड़ी के लाला लाजपत राय, गांधी युग के भामाशाह श्री जमनालाल बजाज, रामजीदास जी गुड़वाला, हिसार के लाला हुकुमचंद जी का नाम इनमें अग्रणी है। अग्रवाल आज भले ही किसी साम्राज्य के शासक न हो पर इन्हें व्यवसायिक जगत का सम्राट माना जाता है। देश के अधिकांश औद्योगिक समूह इसी समाज के हाथों में है। इसके अतिरिक्त धर्म- संप्रदाय- जाति भावना से ऊपर उठकर समाजसेवा के मामले में भी इस समुदाय का कोई सानी नही है। इनके द्वारा बनवाये हुवे मंदिर एवं धर्मशालाएं देश के कोने कोने में देखने को मिल जाते हैं। हिन्दू धर्म की संजीवनी गीता प्रेस गोरखपुर मारवाड़ी अग्रवालों की देन है। महाराजा श्री अग्रसेन जी के सिद्धांत आज भी इस समाज के हर व्यक्ति की रगों में दौड़ते हैं।

वैसे महापुरुषों को किसी एक जाति या समाज से बांध कर नही रखा जा सकता वो तो संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर होते हैं। ऐसे ही महाराजा श्री अग्रसेन जी भी संपूर्ण भारतवर्ष की धरोहर हैं। उनके समाजवाद और अहिंसा के सिद्धांत संपूर्ण देशवासियों के लिए अनुकरणीय है।

।। योगदान आभार ।।




गर्ग (Garg) गोत्र वीर
श्री श्याम सुन्दर बगड़िया



गोयल (Goyal) गोत्र वीर
श्री रितेश भारूका



सिंघल (Singhal) गोत्र वीर
श्री अरुण लाठ



कुटुंब वीर जिंदल (Jindal) गोत्र
श्री रमा शंकर खेमका



गोयन/गंगल (Goyal/Gangal)
गोत्र वीर
श्री भारत भूषण अग्रवाल



कुटुंब वीर मित्तल (Mittal) गोत्र
श्री टीकम चंद अग्रवाल

harshgoel2k@gmail.com

।। योगदान आभार।।



बंसल (Bansal) गोत्र वीर
डॉ लोकमणि बंसल



कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री गोपीराम गुप्ता जी



गोयल (Goyal) गोत्र वीर
श्री अशोक गुप्ता



मित्तल (Mittal) गोत्र वीर
डॉ विजय कुमार अग्रवाल



कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
डॉ संजय बंसल



कुटुंब वीर मित्तल (Mittal) गोत्र
श्री अंशु मित्तल

harshgoel2k@gmail.com

।। योगदान आभार।।



कुटुंब वीर (ऐरन (Airan) गोत्र
श्री राम नाथ अग्रवाल



कुटुंब वीर बंसल (Bansal) गोत्र
श्री राजेंद्र बंसल



कुटुंब वीर गोयल (Goyal) गोत्र
श्री राजेश मनक्सिया



बिंदल (Bindal) गोत्र वीर
श्री लीलाधर लडिया



कुटुंब वीर गोयल (Goyal)
श्री विनोद नम्बरदार



मित्तल (Mittal) गोत्र वीर
श्री ओमकार मित्तल

कुल - क्रमांक	कुटुंबनाम (Family Name)	पैतृक स्थान	वर्तमान स्थल	विवरण
AI00001	गुजरवास परिवार	गांव गुजरवास	गांव गुजरवास	श्री नविन अग्रवाल जी की वंशावली (एरेन गोत्र)
AI00002		गांव जाटुशाना रेवाड़ी	गांव जाटुशाना रेवाड़ी	यह वंशावली हमें श्री ललित अग्रवाल पुत्र श्री लाला लक्ष्मी नारायण अग्रवाल गांव जाटुशाना रेवाड़ी से 4 अगस्त 2022 को प्राप्त हुई
AI00003	कुंडा वाले परिवार	डीग, भरतपुर (राजस्थान)	डीग, भरतपुर(राजस्थान)	यह स्वर्गीय श्री मोतीलाल जी (ऐरन गोत्र) पैतृक निवास: डीग, भरतपुर(राजस्थान), इस परिवार को डीग में कुंडा वालों के नाम से जाना जाता है डीग में दिल्ली रोड पर इस परिवार के पूर्वजों द्वारा एक कुंडा भी बनवाया हुआ है जिसमें आज भी गांव के लोग नहाने और पीने के लिए पानी लेने आते है यह वंशावली हमें श्री रामनाथ अग्रवाल जी पुत्र श्री स्वर्गीय श्री दाऊ दयाल जी द्वारा 6 फ़रवरी को प्राप्त हुई ।
AI00004		नसीबपुर नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा	अकोला, महाराष्ट्र	यह स्वर्गीय सेठ श्री नागरमल जी अग्रवाल जी (गोत्र: ऐरेन पैतृक निवास: नसीबपुर नारनौल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा , वर्तमान निवास: अकोला) की वंशावली, श्री बजरंगलाल अग्रवाल जी पुत्र श्री राम गोपाल अग्रवाल जी द्वारा हमें 1 अप्रैल 2023 को प्राप्त हुई।
AI00005	बजाज परिवार	सीकर (राजस्थान)	हिंदमोटर(पश्चिम बंगाल)	यह स्वर्गीय श्री बासुदेव जी बजाज (अग्रवाल गोत्र: ऐरेन पैतृक बजाज परिवार, निवास:सीकर (राजस्थान), वर्तमान निवास:हिंदमोटर(पश्चिम बंगाल) कुलदेवी:श्री शाकम्बरी माता कुलदेवता:श्री सालासर बालाजी) की वंशावली, श्री रमेश बजाज जी पुत्र स्वर्गीय श्री नवरतन जी बजाज द्वारा हमें 29 मई 2023 को प्राप्त हुई।
AI0006	मोरीजावाला	कोटपूतली	कलकत्ता	यह श्री ओमकार मल मोरीजावाला जी चौधरी जी (गोत्र: ऐरेन परिवार मोरीजावाला पैतृक निवास :कोटपूतली वर्तमान निवास:कलकत्ता) की वंशावली हमें श्री चंद्रप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री पूरनचंद अग्रवाल जी द्वारा 15 जून 2023 को प्राप्त हुई।
AI00007	आलवाल परिवार			आलवाल परिवार (गोत्र: एरेन) की वंशावली 15 जून 2023 को प्राप्त हुई।

कुल - क्रमांक	कुटुंबनाम (Family Name)	पैतृक स्थान	वर्तमान स्थल	विवरण
BA00001		ग्राम जोनती (दिल्ली निवासी)	ग्राम जोनती (दिल्ली निवासी)	स्वर्गीय मास्टर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (बंसल गोत्र) ग्राम जोनती (दिल्ली निवासी) की वंशावली अग्रोहा तीर्थ विशेषांक से साभार ली गयी है
BA00002		मंढा सुरेरा सीकर राजस्थान	मंढा सुरेरा सीकर राजस्थान	यह वंशावली हमें महेश पूरनमल अग्रवाल जी (बंसल गोत्र) द्वारा 10 जुलाई 2022 में प्राप्त हुई है स्थान: मंढा सुरेरा सीकर राजस्थान (बंसल गोत्र)
BA00003		भगे ना तहसील सादाबाद जिला हाथरस नजदीक ग्राम बी सावर	यमुनापार लक्ष्मी नगर मथुरा उत्तर प्रदेश	यह वंशावली हमें श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री वी री लाल अग्रवाल (पैतृक स्थान भगे ना तहसील सादाबाद जिला हाथरस नजदीक ग्राम बी सावर, वर्तमान निवास स्थान यमुनापार लक्ष्मी नगर मथुरा उत्तर प्रदेश) से 27 जुलाई 2022 को प्राप्त हुई
BA00004		नारनौल राजस्थान से अशोक नगर	ग्वालियर	यह वंशावली हमें श्री धवल बंसल पुत्र श्री सुरेश बंसल जी (पैतृक स्थान: नारनौल राजस्थान से अशोक नगर अब निवास स्थान: ग्वालियर से श्री ओंकार मित्तल जी (हिसार हरियाणा) द्वारा 07 अगस्त 2022 को प्राप्त हुई
BA00005		पुण्डरी . कैथल हरयाणा	खोरखेड़ी कर्नल हरयाणा	यह श्री हुकम सिंह जी की वंशावली हमें श्री विशाल बंसल जी पुत्र श्री रतनलाल बंसल जी (पैतृक स्थान: पुण्डरी . कैथल हरयाणा वर्तमान निवास स्थान: खोरखेड़ी कर्नल हरयाणा द्वारा श्री रवि जिंदल जी से 1 सितम्बर 2022 को प्राप्त हुई
BA00006		लाहौर	बटाला	यह श्री रुलदू राम अग्रवाल (बंसल गोत्र) वंशावली हमें श्री जयदीप अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश सरूप अग्रवाल जी (पैतृक स्थान: लाहौर निवास स्थान:बटाला से श्री सुरेश कुमार गोयल जी द्वारा 4 सितम्बर 2022 को प्राप्त हुई

कुल - क्रमांक	कुटुंबनाम (Family Name)	पैतृक स्थान	वर्तमान स्थल	विवरण
BA00007		होशंगाबाद	भोपाल	श्री नाथूराम जी (बंसल गोत्र) की वंशावली सुश्री नमिता जी सुपुत्री श्री कैलाश बाबू (बंसल गोत्र) पैतृक स्थान: होशंगाबाद निवास स्थान : भोपाल से सुश्री नमिता जी द्वारा 16 सितम्बर 2022 को प्राप्त हुई
BA00008		आगरा	पीएसओ पुर	यह श्री गणेश लाल गर्ग की वंशावली हमें श्रीमती ज्योति बंसल सुपुत्री श्री दीनदयाल जी (पैतृक स्थान: आगरा निवास स्थान: पीएसओ पुर) से श्री रवि जिंदल द्वारा 23 सितम्बर 2022 को प्राप्त हुई
BA00009		महम	फरीदाबाद हरयाणा	यह श्री मोहन लाल (बंसल गोत्र) पैतृक निवास: महम वर्तमान स्थान फरीदाबाद हरयाणा वालो की वंशावली श्री दिनेश बंसल पुत्र श्री राजगोपाल बंसल से से 5 नवम्बर 2022 को प्राप्त हुई
BA00010		राजौर वाले	राजौर वाले	यह श्री पीतम चंद बंसल (निवास स्थान: राजौर वाले) वालो की वंशावली श्री रवि जिंदल द्वारा 20 अगस्त - 2022 को प्राप्त हुई
BA00011		खाटूश्याम जी, अजमेर, नसीराबाद, नीमच छावनी भगोना, मण्डाना	कोटा राजस्थान	यह स्वर्गीय श्री घासी लाल जी मोदी साहब (पैतृक स्थान -खाटूश्यामजी, अजमेर, नसीराबाद, नीमच छावनी भगोना होते हुए राजदरबार के काम से मण्डाना गोपाल पुरा रोड निर्माण हेतु मण्डाना में बस गए निवास स्थान - बजरंग भवन,अग्रसेन बाजार, पुरानी धानमण्डि, कोटा, राजस्थान) की वंशावली हमें डॉ लोकमणि गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री डॉ चिरंजीव लाल जी गुप्ता से 16 नवम्बर 2022 को प्राप्त हुई
BA00012		वेशवा गांव, मथुरा	कुन्हाड़ी कोटा	यह स्व. श्री गोपी नाथ अग्रवाल (बंसल गोत्र - मथुरा वाले) जी की वंशावली हमें श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रामजी दास अग्रवाल (निवास स्थान: लक्ष्मण विहार प्रथम पुराने रोडवेज वर्क शॉप के सामने कुन्हाड़ी कोटा) से श्री (डॉ) लोकमणि गुप्ता जी के सहयोग से 12 जनवरी 2023 को प्राप्त हुई। स्व. श्री सूरज भान अग्रवाल मथुरा में डोलची वालों के नाम से मशहूर थे। राया (मथुरा) में उनकी लकडी की टाल थी। ये रास मण्डली में रसिया के गुरु थें। मथुरा के पास वेशवा गांव से संबंध रहा है वहाँ कोठी थी जिनको हमारे पूर्वजों ने दान किया था

कुल - क्रमांक	कुटुंबनाम (Family Name)	पैतृक स्थान	वर्तमान स्थल	विवरण
BA00013/1	पोद्दार परिवार(जुमानपुरका)	गांव गोंदिया	गांव गोंदिया	स्व श्री हरश्याम जी (गोत्र: बंसल जुमानपुरका पोतदार परिवार गांव गोंदिया) जी की वंशावली हमें श्री गोपाल अग्रवाल द्वारा 5 नंबर 2023 को प्राप्त हुई।
BA00013/2	पोद्दार परिवार			स्व श्री मुसद्दी लाल जी (बंसल गोत्र पोद्दार परिवार) की वंशावली 14 जून 2023 को प्राप्त हुई।
BA00013/3	पोद्दार परिवार			स्व श्री जोरावरमल जी (बंसल गोत्र पोद्दार परिवार) की वंशावली श्रीमती दीपिका जी द्वारा 10 नवम्बर 2025 को प्राप्त हुई।
BA00014	करीवाल परिवार	बैढ़न, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश)	नवलगढ़, जिला झुंझुनू, राजस्थान	स्व श्री केदार मल जी कारिवाल (गोत्र: बंसल पैतृक निवास: नवलगढ़, जिला झुंझुनू, राजस्थान वर्तमान स्थान : बैढ़न, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) भारत की वंशावली हमें श्री नारायण कारीवाल(नीरज) पुत्र श्री ताराचंद कारिवाल द्वारा हमें। 2 मार्च 2023 को प्राप्त हुई।
BA00015		बुरहानपुर मध्यप्रदेश	बुरहानपुर मध्यप्रदेश	स्व श्री हेमराज जी अग्रवाल (गोत्र: बंसल पैतृक निवास: बुरहानपुर मध्यप्रदेश) की वंशावली हमें श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री दगडूलाल अग्रवाल द्वारा 15 दिसंबर 2023 को प्राप्त हुई।
BA00017	जालान परिवार	फतेहपुर	जमालपुर बिहार, कलकत्ता बंगाल	स्व श्री गोविन्द राम जी (बंसल गोत्र जालान परिवार पैतृक निवास: फतेहपुर वर्तमान स्थान: जमालपुर बिहार, कलकत्ता बंगाल) की वंशावली श्री विकास जालान द्वारा 14 जून 2023 को प्राप्त हुई।
BA00018	मारवाड़ी (जालानी जलजीरा परिवार)	जोधपुर के जालानी जलजीरा परिवार	जोधपुर के जालानी जलजीरा परिवार	स्व श्री चिमन दास जी अग्रवाल (बंसल गोत्र मारवाड़ी परिवार, जोधपुर के जालानी जलजीरा परिवार की शाखा) की वंशावली श्री शीतल अग्रवाल जी पुत्र श्री पुरुषोत्तम जी द्वारा 14 जून 2023 को प्राप्त हुई
BA00019	नौरंग पुर वाले	फतेहपुर झुंझुन	बंगलोर	स्व श्री रामकरण जी (बंसल गोत्र नौरंग पुर वाले बंसल परिवार पैतृक निवास: फतेहपुर झुंझुन वर्तमान स्थान: बंगलोर) की वंशावली श्री पूरन कुमार अग्रवाल से श्री अशोक गुप्ता जी द्वारा प्राप्त हुई।

कुल - क्रमांक	कुटुंबनाम (Family Name)	पैतृक स्थान	वर्तमान स्थल	विवरण
BA00020		गाँव निलोठी बहादुरगढ़ ज़ज्जर	पूना - महाराष्ट्र	स्व श्री मक्खनलाल जी अग्रवाल (बंसल गोत्र बिहरोरिया/दादरी वाले पैतृक स्थान: गाँव: निलोठी बहादुरगढ़ ज़ज्जर पुराना गांव बड़ा थाना, खरखौदा के पास,सोनीपत वर्तमान स्थान: पूना - महाराष्ट्र) की वंशावली श्री सतीश बंसल जी पुत्र श्री बदलूरामजी अग्रवाल पौत्र श्री चान्दगी रामजी जी बंसल द्वारा 14 जून 2023 को प्राप्त हुई
BA00021				स्व श्री तुला राम जी (बंसल गोत्र) की वंशावली 14 जून 2023 को प्राप्त हुई।
BA00022	केजरीवाल परिवार	बागढ़ झुंझुनू राजस्थान	रामगंज मंडी कोटा राजस्थान	स्व श्री बिरजमोहन जी (बंसल गोत्र केजरीवाल परिवार पैतृक स्थान: बागढ़ झुंझुनू राजस्थान से बांग्लादेश (पूर्वी पाकिस्तान) से डेहरी ओन सोन (बिहार) से रामगंज मंडी कोटा राजस्थान) की वंशावली श्री कमल कुमार केजरीवाल जी पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद केजरीवाल जी द्वारा 21 जून 2023 को प्राप्त हुई
BA00023	पंसारी परिवार	सादुलपुर चूरू राजस्थान	सादुलपुर चूरू राजस्थान	स्व श्री जयकरण दास जी पंसारी (बंसल गोत्र पंसारी परिवार पैतृक स्थान: बजाज सादुलपुर चूरू राजस्थान) की वंशावली श्री जी द्वारा 22 जून 2023 को प्राप्त हुई
BA00024	बजाज परिवार	लक्ष्मणगड, राजस्थान	खामगांव , जिल्हा बुलढाणा, महाराष्ट्र	स्व श्री पन्नालालजी (बंसल गोत्र बजाज परिवार पैतृक स्थान: लक्ष्मणगड,राजस्थान, वर्तमान स्थान: बजाज "गोपुष्प" सिव्हिल लाईन , देशमुख प्लॉट,खामगांव , जिल्हा बुलढाणा, महाराष्ट्र) की वंशावली श्री पंकज गोपाल बजाज जी द्वारा 10 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई
BA00025	बुधिया परिवार			स्व श्री आशाराम बुधिया जी (बंसल गोत्र बुधिया परिवार पैतृक स्थान: , वर्तमान स्थान:) की वंशावली श्री रघुनन्दन बुधिया जी पुत्र श्री रामजी लाल बुधिया द्वारा 26 जून 2023 को प्राप्त हुई
